# जूते और लघु हस्त उपकरण फाइलोक्सेरा किटाणुशोधन प्रोटोकॉल


कोई भी जो आपके अंगूर के बगीचे में आने से पहले किसी दूसरे के अंगूर के बगीचे में गया है, वह फ़ाइलोक्सेरा, खरपतवार के बीज और अन्य कीट और बीमारियाँ ले जा सकता है। आपके अंगूर की बेलों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम यह सुनिश्चित करना है कि आपके अंगूर के बगीचे में आने वाले हर व्यक्ति ने साफ कपड़े पहने हों और उनके जूते साफ और कीटाणुरहित हों। किसी आगंतुक के आपके अंगूर की बेलों के पास आने से पहले और किसी आगंतुक के आपकी संपत्ति छोड़ने से पहले, 'साफ अंदर, साफ बाहर' अभ्यास का पालन करते हुए जूते कीटाणुशोधन की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। इसी प्रकार प्रूनिंग स्निप्स, पिकिंग स्निप्स, फावड़े और अन्य लघु हस्त उपकरण जो मिट्टी और अंगूर की बेलों संबंधी सामग्री के संपर्क में आते हैं, उन्हे भी कीटाणुरहित करने के लिए यही प्रक्रिया करने की सिफारिश की जाती है।

*ध्यान दें: इस किटाणुशोधन प्रोटोकॉल का उपयोग अन्य कीटों और बीमारियों के लिए किया जा सकता है, लेकिन यहां कीटाणुनाशक के रूप में क्लोरीन और डेटॉल का उपयोग फाइलोक्सेरा के लिए विशिष्ट है। यदि राज्यों या फाइलोक्सेरा प्रबंधन क्षेत्रों के बीच हस्त उपकरण ले जा रहे हैं, तो संबंधित राज्य के साथ अनुमोदित जीवाणुनाशन विकल्पों की जांच करें।*

## आपकी संपत्ति में प्रवेश और निकास पर किटाणुशोधन

| खरीदारी सूची | क्या करें | |
|---|---|---|
| ढक्कन-युक्त मजबूत टब | चरण 1 – धोएं | अपनी संपत्ति में प्रवेश से पहले – जूतों पर लगी मिट्टी और पौधों की सामग्री को पानी से आवश्यक रूप से साफ करें।<br>बाहर निकलने पर – जूते के तलुओं पर लगी मिट्टी और पौधों की सामग्री को हटाने के लिए पानी और स्क्रबिंग ब्रश (या स्क्रूड्राइवर) का उपयोग करें। |
| क्लोरीन या डेटॉल | चरण 2 - घोलें | जूते के ऊपरी हिस्से को ढकने के लिए या तो बिना पतला डेटॉल डालें या एक टब में 2% सोडियम हाइपोक्लोराइट घोल ('क्लोरीन') पर्याप्त मात्रा में मिलाएं। यदि व्हाइट किंग ब्लीच जैसे 4% सोडियम हाइपोक्लोराइट उत्पाद का उपयोग कर रहे हैं, तो 1 भाग उत्पाद में 1 भाग पानी मिलाएं। समाप्ति तिथि की जांच करें और उपयोग किए गए उत्पाद के सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। दस्ताने और सुरक्षा चश्मे का प्रयोग करें। |
| पानी | चरण 3 – रखें | डेटॉल या क्लोरीन घोल टब को बेलों से काफी दूर सख्त स्थल पर रखें – विशेषतः छत के नीचे या छाया में, शेड, कार्यालय या फार्म गेट पर। |
| दस्ताने | चरण 4 - डुबाएं | सुनिश्चित करें कि जूते को डेटॉल या क्लोरीन के घोल में कम से कम 60 सेकंड तक डुबाएं रखें। डुबाएं जाने के बाद धोएं नही। आंखों, त्वचा और कपड़ों पर छींटे पड़ने से सावधान रहें। |
| सुरक्षा चश्मे | चरण 5 – ढकें | दिन के समय सूरज की रोशनी से बचने के लिए डेटॉल या क्लोरीन के घोल पर ढक्कन लगा दें। यदि घोल गंदा हो जाए तो उसे प्रतिदिन या बार-बार बदलें। |
| स्क्रबिंग ब्रश | चरण 6 – खाली करें | टब की सामग्री को सख्त स्थल क्षेत्र या वाश डाउन क्षेत्र में, बेलों, पहियों और पैदल यातायात से दूर खाली करें । |

### इसे कैसे करना है




### युक्तियाँ

1. वॉशिंग स्टेशन से डेटॉल या क्लोरीन स्टेशन से अंगूर के बाग तक प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए अपना कीटाणुशोधन स्टेशन स्थापित करें। फिर अंगूर के बगीचे से लेकर वाशिंग स्टेशन तक डेटॉल या क्लोरीन स्टेशन तक और कीटाणुशोधन से पहले जमीन से बचते हुए बाहर निकलें।
2. आगंतुकों को डेटॉल या क्लोरीन के घोल में 60 सेकंड तक खड़ा रहना होगा। विचार करें कि आप कैसे समय बिताएंगे। आप प्रत्येक आगंतुक से बेल के स्वास्थ्य के बारे में बात करने के लिए 60 सेकंड का उपयोग कर सकते हैं।
3. यदि डेटॉल या क्लोरीन का घोल गंदा है तो कीटाणुशोधन प्रक्रिया काफी कम प्रभावी होगी। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि डेटॉल या क्लोरीन स्टेशन में प्रवेश करने वाले जूते पहले से ही मिट्टी और पौधों की सामग्री से साफ हों।

### कीटाणुशोधन के विकल्प

आगंतुकों को पहनने के लिए गमबूट या मजबूत जूता कवर प्रदान करें जो आपकी संपत्ति पर रहें। ठेका मजदूरों से अपेक्षा करें कि वे आपके अंगूर के बगीचे में उपयोग के लिए जूतों की एक जोड़ी रखें, जब वे चले जाएँ तो बदलने के लिए अन्य जूते साथ लाएँ। इन अंगूर के बागों के जूतों को पहली बार आपकी संपत्ति पर लाए जाने पर ही साफ करने की आवश्यकता होती है।

VINEHEALTH AUSTRALIA


अधिक जानकारी के लिए: वाइनहेल्थ ऑस्ट्रेलिया | 08 8273 0550 | ADMIN@VINEHEALTH.COM.AU | WWW.VINEHEALTH.COM.AU



© वाइनहेल्थ ऑस्ट्रेलिया 2023